डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

कार्यालय : 265228, 264236
फेक्स : 07582–264236
E mail - registrardhsgu@rediffmail.com
www.dhsgsu.ac.in

कुलसचिव

विश्वविद्यालय कार्यालय, सागर 470003(म.प्र.)

क्रमांकः डीसीडीसी/2019/ 2731 — 27 नवम्बर 2019

प्रति

प्राचार्य
समस्त अस्थायी संबद्ध अशासकीय महाविद्यालय,
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

विषय : अस्थायी संबद्ध अशासकीय महाविद्यालय में परिनियम क. 28 के प्रावधानानुसार प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने विषयक ।

संदर्भ : इस कार्यालय की अधिसूचना कमांक डीसीडीसी/2019/2566 दिनांक 05 अप्रेल 2019

महोदय

1. उपरोक्त विषयान्तर्गत यह देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय से अस्थायी संबद्ध अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी संदर्भित अधिसूचना के अनुसार परिनियम क. 28 के तहत महाविद्यालयों में प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्तियों की पूर्ति नहीं की जा रही है जो अवैधानिक है ।

2. अतः विश्वविद्यालय से अस्थायी संबद्ध अशासकीय महाविद्यालय परिनियम क. 28 का पालन करते हुए यू.जी.सी. के मापदण्डों/केन्द्रीय परिषद आदि के नियमों के अनुसार प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्तियां तत्काल सुनिश्चित करें । प्राचार्य एवं शिक्षकों नियुक्तियां किये जाने की कार्यवाही पूर्ण कर विश्वविद्यालय को शपथ–पत्र प्रस्तुत करें । इसके अभाव में महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा दी गई अस्थायी संबद्धता की निरन्तरता प्रदान नहीं की जावेगी । जिसकी सम्पूर्णतः जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्रशासन की होगी । शीघ्र ही महाविद्यालयों के औचक निरीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा किया जावेगा ।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. **अध्यक्ष, शासी निकाय, समस्त अस्थायी संबद्ध अशासकीय महाविद्यालय, डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर**
2. **प्रभारी, वेबसाइट विश्वविद्यालय–** विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित ।
3. **कुलपति जी सचिव –** कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
4. **कुलसचिव जी के निजी सहायक**
5. **कार्यालयीन नस्ती**

27/11/19

प्रभारी कुलसचिव